भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1245
दिनांक 13 **फरवरी**, 2023

एचपीसीएल के सीवीओ द्वारा दावा किया गया व्यावसायिक व्यय

1245 **श्री राम नाथ ठाकुर**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अक्टूबर 2020 से दिसंबर 2022 तक हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के सीवीओ (मुख्य सतर्क्ता अधिकारी) द्वारा दावा किए गए व्यावसायिक व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ख) सीवीओ द्वारा किस पॉलिसी के तहत व्यावसायिक व्यय का दावा किया गया है; और
(ग) उक्त नीति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) एचपीसीएल द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, अक्टूबर, 2020 से दिसंबर, 2022 की अवधि के लिए सीवीओ, एचपीसीएल द्वारा दावाकृत व्यवसायिक व्यय का विवरण निम्नानुसार है-

अवधि	**राशि (रुपए)**
अक्टूबर, 2020 से मार्च, 2021	2,15,500/-
अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022	4,31,000/-
अप्रैल, 2022 से दिसंबर, 2022	3,23,249.34
कुल योग	9,69,749.34

(ख) और (ग) एचपीसीएल की नीति के अनुसार, सीवीओ सहित वरिष्ठ प्रबंधन कतिपय मासिक/वार्षिक सीमाओं के साथ किए गए व्यवसायिक व्यय की प्रतिपूर्ति पाने के हकदार हैं।

***